दिन– सोमवार | दिनांक– 01 / 06 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से। | अवधि – 15 मिनट

---

01. बिहार विधान परिषद की रिक्त दस सीटों के चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू। आठ जून तक भरे जा सकेंगे नामांकन पत्र।

02 मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बिहार के लिए घोषित प्रधानमंत्री पैकेज और केंद्रीय बजट की घोषणाओं के कार्यान्वयन में तेजी लाने का अधिकारियों को दिया निर्देश।

03. उर्वरकों के संतुलित और उचित उपयोग को बढ़ावा देने के लिए आज से शुरू हुआ राष्ट्रव्यापी 'खेत बचाओ अभियान'।

04. और, आम लोगों की समस्याओं के निपटारे के लिए पंचायतों की तर्ज पर राज्य के नगर निकायों में कल से सहयोग शिविर की हो रही है शुरुआत।

**अब समाचार विस्तार से.........**

---

बिहार विधान परिषद की रिक्त हुई दस सीटों के चुनाव के लिए आज अधिसूचना जारी हो गयी है। अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन की प्रक्रिया भी शुरू हो गयी है। ब्योरा हमारी संवाददाता से...

––रिपोर्ट––

आज जिन दस सीटों के लिए अधिसूचना जारी हुई है, उनमें से नौ सीट के लिए द्विवार्षिक चुनाव हो रहे हैं, जबकि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के इस्तीफे से रिक्त हुई एक सीट के लिए उपचुनाव हो रहा है। निर्वाचन आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार नामांकन की अंतिम तिथि आठ जून तक निर्धारित है। प्रत्याशी ग्यारह जून नामांकन वापस ले सकते हैं। इन सीटों के लिए अठारह जून को मतदान होगा और इसी दिन शाम को मतगणना होगी। गौरतलब है कि डॉक्टर कुमुद वर्मा, प्रोफेसर गुलाम गौस और सुनील कुमार सिंह समेत नौ विधान पार्षदों का कार्यकाल अट्ठाईस जून को पूरा हो रहा है। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से निधि श्री।

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बिहार के लिए घोषित प्रधानमंत्री पैकेज और केंद्रीय बजट की घोषणाओं के कार्यान्वयन में तेजी लाने का अधिकारियों को निर्देश दिया है। पटना में आयोजित उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में श्री चौधरी ने सभी परियोजनाओं को समय पर और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। इधर,

हमारी संवाददाता ने बताया कि मुख्यमंत्री ने समाज कल्याण विभाग की भी समीक्षा बैठक की।

——साउंड बाइट——

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने समाज कल्याण विभाग की बैठक में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं की राशि प्रत्येक महीने की दस तारीख तक लाभार्थियों के खाते में सुनिश्चित रूप से भेजने के निर्देश दिये। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रो की सेवाओं की तकनीकी माध्यम से निगरानी करने और बच्चों की शतप्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने पर बल दिया। मुख्यमंत्री ने समाज कल्याण विभाग में रिक्त पदों को शीघ्र भरने और आंगनबाड़ी केंद्रों को सुदृढ़ करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने विभाग की सभी योजनाओं के प्रभावी, पारदर्शी और समयबद्ध क्रियान्वयन पर जोर दिया। समाचार कक्ष से झूमर नंदनी।

———————————————————————————

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज मध्य प्रदेश के रायसेन जिले के रामसिया गांव से राष्ट्रव्यापी 'खेत बचाओ अभियान' का शुभारंभ किया। हमारे संवाददाता ने बताया है कि यह अभियान एक महीने तक चलेगा।

——रिपोर्ट——

एक महीने तक चलने वाला यह अभियान देश की कृषि भूमि को बचाने और किसानों को वैज्ञानिक खेती के लिए जागरूक करने की दिशा में एक बड़ी पहल है। कार्यक्रम में किसानों को संबोधित करते हुए श्री चौहान ने कहा

ये खेत बचाओ कार्यक्रम इसलिए कि हमारी माटी बर्बाद न हो जाए, हमारे खेत बर्बाद न हो जाए। धरती कहे पुकार के, इतना खाद मत डालो, इतना कीटनाशक मत डालो कि जो मुझे ही मार दे।

इस अभियान में कृषि विश्वविद्यालय भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद कृषि विज्ञान केंद्र और जनप्रतिनिधि मिलकर भाग ले रहे हैं। अभियान के तहत किसानों को मिट्टी परीक्षण, सॉइल हेल्थ कार्ड, प्राकृतिक खेती, संतुलित उर्वरक उपयोग और जल संरक्षण जैसे विषयों पर जानकारी दी जाएगी। अभियान के दौरान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड जैसी सरकारी योजनाओं का लाभ भी किसानों तक पहुंचाया जाएगा। अभिनव गोयल, आकाशवाणी, भोपाल।

———————————————————————————

इस अवसर पर पटना में कृषि भवन में आयोजित कार्यक्रम में कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा शामिल हुये। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान किसानों को रासायनिक खाद की जगह हरित खाद के उपयोग के लिए प्रेरित किया जायेगा।

——सांउड बाइट——

———————————————————————————

सुप्रीम कोर्ट ने नीट यूजी– दो हजार छब्बीस की पुर्नपरीक्षा कम्प्यूटर आधारित माध्यम से कराने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी है। याचिका में मौजूदा पेन और पेपर प्रारूप के स्थान पर पुर्नपरीक्षा ऑनलाइन आयोजित करने की मांग की गयी थी। न्यायालय ने कहा कि परीक्षा रद्द होने के बाद राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी पहले से कई चुनौतियों का सामना कर रही है। मामले की अगली सुनवाई सत्ताईस जुलाई को होगी।

———————————————————————————

आम लोगों की समस्याओं के निपटारे के लिए पंचायतों की तर्ज पर राज्य के नगर निकायों में कल से सहयोग शिविर की शुरुआत हो रही है। इसमें लोगों से प्राप्त आवेदन के आधार पर उनकी समस्याओं का समाधान तीस दिनों के भीतर किया जायेगा। कल ही राज्य की पंचायतों में भी सहयोग शिविर आयोजित किये जायेंगे। सहयोग शिविर से संबंधित जानकारी के लिए हेल्पलाइन नम्बर– **एक एक शून्य शून्य** पर संपर्क किया जा सकता है।

———————————————————————

प्रदेश में सरकारी बसों से सफर आज से महंगा हो गया है। परिवहन विभाग ने बस किराये में दस से पन्द्रह प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की है। सिटी बसों के किराये में भी पन्द्रह प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की गयी है।

———————————————————————

तेल कम्पनियों ने उन्नीस किलोग्राम वाले व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में तिरेपन रूपये पचास पैसे की बढ़ोतरी की है। अब पटना में कॉमर्शियल गैस सिलेंडर तीन हजार चार सौ चौदह रूपये पचास पैसे में मिलेगा। वहीं, घरेलू सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

———————————————————————

राज्य सरकार ने गर्मी को देखते हुए आमजनों को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने और सभी खराब पड़े चापाकलों को पंद्रह जून तक चालू करने के निर्देश दिये हैं। मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में पेयजल संकट के समाधान और चापाकलों की मरम्मति को लेकर मंत्रिमंडल सचिवालय में समीक्षा बैठक हुई। बैठक में सभी जिलाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। श्री अमृत ने भारत–नेपाल सीमावर्ती क्षेत्रों में संवेदनशील मामलों को देखते हुए जिलाधिकारियों को विशेष रूप से चौकस रहने के निर्देश दिये। उन्होंने ज्ञान भारतम् मिशन के तहत चल रहे सर्वेक्षण की प्रगति की भी समीक्षा की।

———————————————————————

जेईई एडवांस्ड दो हजार छब्बीस में गयाजी के शुभम कुमार ने देशभर में पहला स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों, अभिभावक और अपनी कड़ी मेहनत को दिया है।

——साउंड बाइट——

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शुभम कुमार को इस सफलता पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। केंद्रीय मंत्री और गया के सांसद जीतनराम मांझी और विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने शुभम कुमार को बिहार का गौरव बताते हुए इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी है।

———————————————————————————

कैमूर, रोहतास, अरवल, औरंगाबाद और पटना समेत राज्य के दक्षिणी हिस्सों में कई जगहों पर आज हल्की से मध्यम बारिश हुयी है। उत्तरी भागों में भी कुछ स्थानों पर बारिश की खबर है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान सीवान के हुसैनगंज में सबसे अधिक सोलह मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान उत्तरी और दक्षिणी हिस्सों में कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश का पूर्वानुमान जताया है। इस दौरान वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गयी है।

——साउंड बाइट——

———————————————————————————

जनता दल यूनाईटेड की राष्ट्रीय परिषद की इक्कीस जून को पटना में बैठक में होगी। पार्टी प्रवक्ता राजीव रंजन ने बताया कि बैठक का मुख्य एजेंडा राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर नीतीश कुमार के निर्वाचन पर औपचारिक मुहर लगना है।

——साउंड बाइट——

———————————————————————————

नगालैंड के राज्यपाल नंदकिशोर यादव ने बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन पटना के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में रवि संगम की पुस्तक रामायण परिपथ–बिहार का लोकार्पण किया। इस शोध पुस्तक में प्रभु श्रीराम की बिहार यात्रा से जुड़े स्थलों का जिक्र है। इस अवसर पर राज्य उपभोक्ता संरक्षण आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति संजय कुमार, राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष रणवीर नंदन और बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉक्टर अनिल सुलभ समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

———————————————————————————

बिहार संग्रहालय की ओर से पटना में कल से सात जून तक समर कैंप का आयोजन किया जाएगा। कैंप में अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा बच्चों को टेराकोटा कला, मुखौटा निर्माण कला तथा कहानी लेखन कला का प्रशिक्षण दिया जाएगा। कैंप का उद्‌घाटन महानिदेशक अंजनी कुमार सिंह करेंगे।

————————————————————————

खान एवं भूतत्व मंत्री प्रमोद कुमार आज कटिहार के विकास भवन में बीस सूत्री और आपदा की बैठक में शामिल हुए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राकृतिक आपदा से मरने वाले लोगों के परिजनों को राहत अनुदान राशि अब स्थानीय जनप्रतिनिधि की मौजूदगी में ही दी जाए।

————————————————————————

मुजफ्फरपुर के अमर सिनेमा रोड में अपराधियों ने कुख्यात गोविन्द शर्मा की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि गोविन्द शर्मा के फ्लैट में पहले से घात लगाए अपराधियों ने उस पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी, जिसमें उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। मृतक मुजफ्फरपुर के तत्कालीन मेयर समीर कुमार और जमीन कारोबारी आशुतोष शाही हत्याकांड का मुख्य आरोपी था।

————————————————————————

बेगूसराय जिले के बछवाड़ा थाना क्षेत्र में पुलिस ने छापेमारी कर लगभग तिरासी लीटर विदेशी शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

————————————————————————

जहानाबाद की जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय ने सदर प्रखंड कार्यालय परिसर में जिला सैनिक कल्याण कार्यालय का उद्‌घाटन किया।

————————————————————————

बिहार के एथलीट पीयूष राज ने बाईसवीं जूनियर एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता है। चीन के हांगकांग में आयोजित चार गुना चार सौ मीटर रिले स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य के रूप में पीयूष ने यह उपलब्धि हासिल की है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पीयूष राज की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता जताते हुए उन्हें बधाई दी है।

————————————————————————

नेपाल की राजधानी काठमांडू में आयोजित बारहवीं माउंट एवरेस्ट इंटरनेशल कराटे चैंपियनशिप में सोनपुर के रितेश रंजन ने स्वर्ण पदक जीता है।

---

पटना में संपन्न राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में शेखपुरा के खिलाड़ियों ने इक्कीस स्वर्ण, छह रजत और तीन कांस्य पदक जीते।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. बिहार विधान परिषद की रिक्त दस सीटों के चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू। आठ जून तक भरे जा सकेंगे नामांकन पत्र।

02 मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बिहार के लिए घोषित प्रधानमंत्री पैकेज और केंद्रीय बजट की घोषणाओं के कार्यान्वयन में तेजी लाने का अधिकारियों को दिया निर्देश।

03. उर्वरकों के संतुलित और उचित उपयोग को बढ़ावा देने के लिए आज से शुरू हुआ राष्ट्रव्यापी 'खेत बचाओ अभियान'।

04. और, आम लोगों की समस्याओं के निपटारे के लिए पंचायतों की तर्ज पर राज्य के नगर निकायों में कल से सहयोग शिविर की हो रही है शुरुआत।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।